दिनांक : 05.05.2026 **समय : 02.10PM**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

संकेत धुन

पीएम मोदी- फुजैराह हमले की निंदा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह पर हुए ईरानी ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में पेट्रोलियम इलाके में आग लगने से तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। श्री मोदी ने कहा कि आम लोगों और बुनियादी सुविधाओं पर हमला करना बिल्कुल भी मंजूर नहीं है और भारत UAE के साथ पूरी तरह खड़ा है।

पीएम- संस्कृत सुभाषित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया पर एक संस्कृत सुभाषित साझा करते हुए कहा कि असली कामयाबी सिर्फ ताकत या बाहुबल से नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि सत्य, करुणा, नैतिकता और लगातार मेहनत के दम पर ही टिकाऊ और सच्ची जीत हासिल होती है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि ईमानदारी से पाई गई सफलता न सिर्फ लंबे समय तक बनी रहती है, बल्कि मन को गहरा सुकून भी देती है।

कैबिनेट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में कैबिनेट बैठक हुई जो वंदे मातरम् के सामूहिक गान से शुरू हुई। बैठक में बताया गया कि इंदौर में 9 से 13 जून तक ब्रिक्स समूह का अंतरराष्ट्रीय कृषि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें ब्राजील, रूस, चीन, सऊदी अरब, UAE समेत कुल 21 देशों के प्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। इसके अलावा दलहन आत्मनिर्भर मिशन के तहत अगले पांच साल में 2 हजार 442 करोड़ रुपये खर्च करने की मंजूरी भी दी गई। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कश्यप ने बताया-

राष्ट्रपति- ज्ञानी जैल सिंह जयंती

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

अमित शाह - चुनाव

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल, असम और पुद्दुचेरी में भाजपा की जीत पर खुशी जताई है। उन्होंने बंगाल की जीत को डर, तुष्टीकरण और घुसपैठियों को शरण देने वालों के खिलाफ जनता का कड़ा जवाब बताया। असम में हैट्रिक जीत को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में किए गए कामों पर जनता की मुहर करार दिया।

39 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं खरीदी

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि अब तक साढ़े सात लाख से ज्यादा किसानों से करीब 39 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है और किसानों को 6 हजार 490 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। किसानों की सुविधा के लिए गेहूं खरीदी की आखिरी तारीख 9 मई से बढ़ाकर 23 मई 2026 कर दी गई है। हर खरीदी केंद्र पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई है और तौल पर्ची बनाने का वक्त रात 10 बजे तक कर दिया गया है।

मौसम

प्रदेश में आज सुबह से धार, बड़वानी और झाबुआ समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। भोपाल मौसम केंद्र ने प्रदेश के 39 जिलों में 40 से 60 किमी प्रतिघंटा

की रफ्तार से आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। जबलपुर, सिंगरौली, सीधी, शहडोल, उमरिया और कटनी में तेज आंधी चलने की सबसे ज्यादा आशंका है।

संक्षिप्त समाचार

- नर्मदापुरम कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को लेकर सख्ती दिखाते हुए तीन जनपद पंचायत सीईओ और एक नगरपालिका सीएमओ सहित 5 अफसरों पर जुर्माना लगाया है।
- खंडवा जिले की जावर तहसील के ग्राम भकराड़ा में मुरम के अवैध उत्खनन के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की है।
- आगरमालवा जिले में 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियां जिले में व्यापक स्तर पर की जा रही हैं।
- **शिवपुरी जिले में कल कलेक्टर ने** पशुपालन विभाग के उपसंचालक और मत्स्य विभाग को किसानों के क्रेडिट कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं।
- मंडला जिले में खरीफ सीजन की तैयारियों के तहत किसानों को खाद वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
- जबलपुर में आज बड़ा सड़क हादसा हुआ। कटनी से जबलपुर आ रही यात्री बस गोसलपुर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। 50 से अधिक यात्री घायल हो गए और 6 की हालत गंभीर है।